अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 2 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष कृष्ण-पंचमी
विक्रम संवत-2080

PAGE NO. 02 : LEFT TOP

■ **स्टार नाइट** : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की ओर से विद्यालय परिसर में स्टार नाइट रात 8 बजे से।

PAGE NO. 08 : RIGHT TOP

विद्यार्थियों ने शौर्य, पराक्रम व देशभक्ति की भावना जगाई

एसआरएमएस में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव। स्रोत : संस्थान

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेस्ट-2023 का आगाज हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और फैशन शो रैंप्सा से धमाल मचाया। छत्रपति शिवाजी से संबंधित नृत्य नाटिका पेश कर शौर्य और पराक्रम के साथ देशभक्ति की भावना जगाई।

शतिक सभागार में हुए समारोह का उद्घाटन ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डायरो क्लब अध्यक्ष श्रुति सक्सेना ने स्वागत किया। इसमें ट्रस्ट की लखनऊ, उन्नाव और बरेली स्थित शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थी 38 स्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन 23 सांस्कृतिक स्पर्धाएं हुई।

फाइन आर्ट्स ग्रुप का मार्बल स्टूडियो आकर्षण का केंद्र रहा। देव मूर्ति ने विद्यार्थियों को समय का महत्व बताया। शनिवार को स्टार नाइट में रात आठ बजे से रॉकनामा बैंड की प्रस्तुति में गायिका शाहीन सलमानी अपने सुरों से धमाल मचाएंगी। इस बार की थीम पराक्रम-बुद्धि-उपनिधि रखी गई है। इस दौरान सचिव आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एलएस मौर्या उपस्थित रहे। संवाद